

# NIOS PYQ's SOLUTIONS

## PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



## APRIL-2024

Your Path to Success

# खंड - अ

**प्रश्न 1 - पुरातात्विक खोजों के अनुसार, हड़प्पा सभ्यता का काल क्या है?**

**(A) 2600 ई०पू०-1900 ई०पू०** **(B) 3600 ई०पू०-2700 ई०पू०**

**(C) 3700 ई०पू०-2800 ई०पू०** **(D) 4500 ई०पू०-4000 ई०पू०**

**उत्तर –** (A) 2600 ई०पू०-1900 ई०पू०

**प्रश्न 2 - हड़प्पा लिपि में पाए गए चिह्नों की लगभग संख्या कितनी है?**

**(A) 200** **(B) 400** **(C) 500** **(D) 600**

**उत्तर -** (B) 400

**OR / अथवा**

**प्रारंभिक वैदिक आर्यों का मुख्य व्यवसाय क्या था?**

**(A) पशुपालन** **(B) कृषि**

**(C) राजराज चोल** **(D) विपणन**

**उत्तर -** (A) पशुपालन

**प्रश्न 3 - सर्वाधिक प्रसिद्ध शक शासक कौन था?**

**(A) विक्रमादित्य** **(B) रुद्रदमन**

**(C) कार्ल मार्क्स** **(D) कृष्णदेव राय**

**उत्तर -** (B) रुद्रदमन

**प्रश्न 4 - आयुर्वेद के जनक के रूप में किसे जाना जाता है?**

**(A) चरक** **(B) कनिष्क**

**(C) चाणक्य** **(D) हरिषेण**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर** - (A) चरक

**OR / अथवा**

**हाथीगुम्फा शिलालेख कहाँ है?**

**(A) उदयगिरी** **(B) राजगिरी**

**(C) पतनगिरी** **(D) नीलगिरी**

**उत्तर** - (A) उदयगिरी

**प्रश्न 5 - कला के अमरावती स्कूल की एक महत्त्वपूर्ण विशिष्टता कहलाती है**

**(A) नकारात्मक कला** **(B) कथात्मक कला**

**(C) आधुनिक कला** **(D) प्रगतिशील कला**

**उत्तर** - (B) कथात्मक कला

**प्रश्न 6 - हर्षचरित के लेखक निम्न में से कौन हैं?**

**(A) बाणभट्ट** **(B) कालिदास**

**(C) चरक** **(D) कौटिल्य**

**उत्तर** - (A) बाणभट्ट

**OR / अथवा**

**पल्लवों की राजधानी निम्न में से कौन-सी थी?**

**(A) पटना** **(B) कांची**

**(C) रत्नगिरी** **(D) जयपुर**

**उत्तर** - (B) कांची

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 7 - किस राजपूत शासक ने अक़बर को एक गंभीर चुनौती दी ?**

**(A) महाराणा प्रताप** **(B) जयचन्द**

**(C) मानसिंह** **(D) बीरबल**

**उत्तर –** (A) महाराणा प्रताप

**OR / अथवा**

**दक्कन का वह कौन-सा शासक था जिसने जहाँगीर के समय मुग़ल सेना को हराया था?**

**(A) मलिक काफ़ूर** **(B) मलिक अम्बर**

**(C) बैरम खां** **(D) बीरबल**

**उत्तर –** (B) मलिक अम्बर

**प्रश्न 8 - सल्तनत काल के दौरान 'दीवान-ए-अर्ज' का नेतृत्व निम्न में से किसके द्वारा किया जाता था?**

**(A) अरिज़-ए-मुमालिक** **(B) मुशरिफ़-ए-मुमालिक**

**(C) मुस्तौफ़ी-ए-मुमालिक** **(D) दीवान-ए-वक़ूफ़**

**उत्तर –** (A) अरिज़-ए-मुमालिक

**OR / अथवा**

**मुग़लों के अधीन गाँव के मुखिया को कहा जाता था**

**(A) शिक़दार** **(B) मुक़द्दम**

**(C) फौजदार** **(D) अमलगुज़ार**

**उत्तर –** (B) मुक़द्दम

**प्रश्न 9 - 13वीं शताब्दी में, दक्कन में चिश्ती सिलसिले की स्थापना निम्न में से किसके द्वारा की गई थी?**

**(A) शेख़ बुरहानुद्दीन ग़रीब** **(B) शेख मुइनुद्दीन चिश्ती**

**(C) शिहाबुद्दीन सुहरावर्दी** **(D) बाबा फ़रीदुद्दीन**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर** - (A) शेख़ बुरहानुद्दीन ग़रीब

**OR / अथवा**

**उत्तर भारत के प्रारंभिक और सबसे अधिक प्रभावशाली निर्गुण भक्ति संत निम्न में से कौन थे?**

**(A) कबीर** **(B) चैतन्य**

**(C) तुलसीदास** **(D) तुकाराम**

**उत्तर** - (A) कबीर

**प्रश्न 10 - अमीर खुसरो को किस वाद्य यंत्र के आविष्कार का श्रेय दिया जाता है?**

**(A) गिटार** **(B) सितार**

**(C) हारमोनियम** **(D) बाँसुरी**

**उत्तर** - (B) सितार

**प्रश्न 11 - जेम्स ऑगस्टस हिक्की ने 1780 ई० में भारत में पहला समाचार पत्र निम्न में से किस नाम से प्रकाशित किया ?**

**(A) द टाइम्स ऑफ इंडिया** **(B) बंगाल गज़ट**

**(C) द हिंदू** **(D) नवभारत टाइम्स**

**उत्तर** - (B) बंगाल गज़ट

**प्रश्न 12 - आनंद मठ उपन्यास निम्न में से किसके द्वारा लिखा गया था?**

**(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर** **(B) महात्मा गाँधी**

**(C) जी. बी. पंत** **(D) बंकिमचन्द्र चटर्जी**

**उत्तर - (D) बंकिमचन्द्र चटर्जी**

**OR/ अथवा**

**1857 के विद्रोह का प्रारंभिक आंदोलन कहाँ से शुरू हुआ?**

**(A) दिल्ली** **(B) मेरठ** **(C) झाँसी** **(D) बैरकपुर**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर - (B) मेरठ

**प्रश्न 13 - दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना कब की?**

**(A) 1575** **(B) 1675**

**(C) 1775** **(D) 1875**

उत्तर - **(D) 1875**

**प्रश्न 14 - यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय कैसे हुआ?**

**(A) रूस और अमेरिका के बीच युद्ध** **(B) राष्ट्रों और राष्ट्र राज्यों के उद्भव के कारण**

**(C) हथियारों का प्रयोग** **(D) जर्मनी और फ्रांस के बीच युद्ध**

उत्तर - (B) राष्ट्रों और राष्ट्र राज्यों के उद्भव के कारण

**प्रश्न 15 - सती प्रथा आखिर किस वर्ष समाप्त हुई?**

**(A) 1728** **(B) 1828**

**(C) 1829** **(D) 1830**

उत्तर – (C) 1829

**OR/ अथवा**

**ऐनी बेसेंट ने कौन-सा आन्दोलन शुरू किया ?**

**(A) ग़दर** **(B) सत्याग्रह**

**(C) होमरूल** **(D) खेड़ा**

उत्तर – (C) होमरूल

**प्रश्न 16 - प्रसिद्ध पुस्तक पावर्टी ऐन्ड अन-ब्रिटिश रूल इन इण्डिया किसने लिखी?**

**(A) दादाभाई नौरोजी** **(B) जी० बी० पंत**

**(C) महात्मा गाँधी** **(D) बिपिनचन्द्र**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर** – (A) दादाभाई नौरोजी

**प्रश्न 17 - भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में 1885-1905 के बीच के चरण को क्या कहा जाता है?**

**(A) चरमपंथी** **(B) नरमपंथी**

**(C) समाजवादी** **(D) पूँजीवादी**

**उत्तर** – (B) नरमपंथी

**OR/ अथवा**

**लॉर्ड कर्जन द्वारा बंगाल विभाजन कब घोषित किया गया ?**

**(A) 1905** **(B) 1907**

**(C) 1908** **(D) 1909**

**उत्तर** – (A) 1905

**प्रश्न 18 - मॉर्ले-मिंटो सुधार किस वर्ष आए?**

**(A) 1907** **(B) 1909**

**(C) 1910** **(D) 1911**

**उत्तर** – (B) 1909

**प्रश्न 19 - तिलक ने कौन-सा उत्सव मनाने की शुरुआत की?**

**(A) गणपति** **(B) रास लीला**

**(C) रामलीला** **(D) बसंत**

**उत्तर** – (A) गणपति

**प्रश्न 20 - प्रथम विश्वयुद्ध में भारतीय सैनिक किस पक्ष से लड़े?**

**(A) फ्रांस** **(B) ब्रिटेन**

**(C) चीन** **(D) जर्मनी**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर – (B) ब्रिटेन

**OR/ अथवा**

**1921 में किसके द्वारा राष्ट्रीय फासिस्ट पार्टी का गठन किया गया?**

**(A) मुसोलिनी** **(B) हिटलर**

**(C) महात्मा गाँधी** **(D) बोल्शेविक**

उत्तर – (A) मुसोलिनी

**प्रश्न 21 – ____और_____जैसे कुछ स्थानों से अग्नि की उपासना के कुछ साक्ष्य मिले हैं।**

उत्तर – लोथल और कालीबंगन।

**प्रश्न 22 – उत्तर-वैदिककाल में यद्यपि ___ प्रथा भी प्रचलित थी, परंतु ____ विवाह प्रथा को ही बेहतर समझा जाता था।**

उत्तर – बहुपत्नी और एकपत्नी

**प्रश्न 23 – इल्तुतमिश ने सल्तनत को दो मूल सिक्के दिए अर्थात् चाँदी का___तथा ताँबे का_____।**

उत्तर – टंका और जीतल

**प्रश्न 24 – बाबर और राणा सांगा की सेनाओं का मुकाबला, ___के पास एक स्थान ____में 1527 में हुआ।**

उत्तर – खानवा और आगरा

**प्रश्न 25 – द्वितीय अफ़गानी साम्राज्य का संस्थापक शेर खान___ में कुशल और योग्य ____था।**

उत्तर – युद्ध और प्रशासक

**प्रश्न 26 – निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए (कोई दो) :**

**(A) जून 1763 में, मेज़र ऐडम्स के नेतृत्व में अंग्रेजी सेना ने बंगाल के नवाब____ को पराजित कर दिया।**

उत्तर – (A) मीर कासिम

**(B) भारतीय भाषाओं के समाचार पत्र के विकास पर सबसे कठोर प्रतिबंध लॉर्ड लिटन का ___ ऐक्ट ऑफ 1878 का था।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर –** वर्नाक्यूलर प्रेस।

**(C) ____में बंगाल में पड़ा भीषण अकाल ग्रामीण समाज पर ब्रिटिश साम्राज्य की नीति के विध्वंसकारी भाव का प्रमाण है।**

**उत्तर –** 1943।

**(D) 1858 के शाही घोषणा-पत्र से, ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन को समाप्त करते हुए भारत का प्रशासन सीधे तौर पर___ के अधीन कर दिया गया।**

**उत्तर –** ब्रिटिश क्राउन।

**प्रश्न 27– सन् 1857 में कलकत्ता,____तथा______में विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई।**

**उत्तर –** बम्बई और मद्रास।

**प्रश्न 28 – ____ में ______ ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की ।**

**उत्तर –** 1 मई, 1897 और स्वामी विवेकानन्द।

**OR/ अथवा**

**कुछ महिला आंदोलनकारियों जैसे पश्चिम क्षेत्र में पंडिता रमाबाई, मद्रास में सिस्टर_____ एवं बंगाल में______ ने 19वीं शताब्दी के सामाजिक जीवन में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया।**

**उत्तर –** सिस्टर सुब्बाममा, और बेगम रुकैया।

**प्रश्न 29 – 1917 की____क्रान्ति का_____एक महत्त्वपूर्ण नेता था ।**

**उत्तर –** रूसी और व्लादिमीर लेनिन।

**OR/ अथवा**

**1905 में जापान ने युद्ध में रूस को हराकर____में रूस के प्रभाव क्षेत्र______पर कब्जा कर लिया।**

**उत्तर –** मंचूरिया और कोरिया

**प्रश्न 30 – शीत युद्ध ____और_____ के बीच द्विध्रुवीय टकराव था।**

**उत्तर –** संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) और सोवियत संघ (USSR)।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 31 – निम्नलिखित कथनों को पूरा कीजिए (कोई दो) :**

**(A) सभी एशियाई देशों में रूसी क्रान्ति की प्रशंसा की गई तथा संपूर्ण विश्व में लोग इससे_______ हुए।**

**उत्तर –** प्रेरित।

**(B) प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात् तुर्कों ने________के नेतृत्व में सन्धि के विरुद्ध विद्रोह कर दिया।**

**उत्तर –** मुस्तफा कमाल पाशा (अतातुर्क)।

**(C) अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रूमैन ने अपनी साम्यवाद को अवरुद्ध करने की नीति प्रतिपादित की, जिसे________ के नाम से जाना जाता है।**

**उत्तर –** ट्रूमैन सिद्धांत।

**(D) प्रसिद्ध आयरिश लेखक जेम्स जॉयस ने ________ नामक अपनी पुस्तक में 'द स्ट्रीम ऑफ कान्शियसनेस' की तकनीक प्रस्तुत की थी।**

**उत्तर –** यूलिसिस।

**वैकल्पिक मॉड्यूल-6A**

**(भारत में राज्यों का विकास)**

**प्रश्न 32 – निम्नलिखित कथनों को पूरा कीजिए (कोई दो) :**

**(A) उत्तरी व्यापार मार्ग को नियन्त्रित करने वाला यह क्षेत्र उत्तरापथ कहलाता था, जबकि _______ कहलाने वाला दक्षिणी मार्ग मगध के नियंत्रण में था।**

**उत्तर –** दक्षिणापथ।

**(B) मुग़ल सम्राटों के तहत भारत मुस्लिम कानून________ से शासित होता था।**

**उत्तर –** शरिया।

**(C) सर विलियम जोंस ने बड़ी मात्रा में संस्कृत साहित्य का अनुवाद किया था और 1785 में _____ऑफ बंगाल की स्थापना की।**

**उत्तर –** एशियाटिक सोसाइटी।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 33 – ब्रिटिश सेनाबल मुग़ल सेना से अत्यधिक _____ किंतु बेहतर प्रशिक्षण और ____ से लैस थी।**

**उत्तर –** कम और हथियारों।

**प्रश्न 34 – किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**(A) विक्रमादित्य के शासन के दौरान किस बौद्ध भिक्षु ने भारत में भ्रमण किया?**

**उत्तर –** फाह्यान।

**(B) मगध साम्राज्य की राजधानी का नाम लिखिए।**

**उत्तर –** पाटलिपुत्र

**(C) चन्द्रगुप्त के उस मंत्री का नाम लिखिए जो अर्थशास्त्र का लेखक था।**

**उत्तर –** चाणक्य (कौटिल्य)।

**प्रश्न 35 – किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**(A) इलाहाबाद स्तंभ शिलालेख के अनुसार समुद्रगुप्त किस रूप में पृथ्वी पर रहते थे?**

**उत्तर –** इलाहाबाद स्तंभ शिलालेख के अनुसार समुद्रगुप्त पृथ्वी पर **'एक देवता'** के रूप में रहते थे।

**(B) अक़बर से औरंगजेब तक मुगल शासकों ने कौन-सी उपाधि धारण की?**

**उत्तर –** इन मुगल शासकों ने मुख्य रूप से "शहंशाह"या "आलमगीर"की उपाधि धारण की थी।

**(C) भूमि राजस्व में माप की वह कौन-सी प्रणाली थी जो शेरशाह सूरी द्वारा शुरू हुई और अक़बर द्वारा अपनाई तथा सुधारी गई?**

**उत्तर –** भूमि राजस्व में माप की वह प्रणाली 'ज़ब्ती' प्रणाली थी, जो शेरशाह सूरी द्वारा शुरू हुई और अक़बर द्वारा अपनाई तथा सुधारी गई थी।

## वैकल्पिक मॉड्यूल-6B

## ( भारत में सांस्कृतिक विकास)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 32 – निम्नलिखित कथनों को पूरा कीजिए (कोई दो) :**

**(A) लोगों ने गीत, नृत्य और ______ के जरिए स्वयं को अभिव्यक्त किया है और सांस्कृतिक मूल्य संप्रेषित किए हैं।**

**उत्तर –** कला।

**(B) अजंता और एलोरा की कलाओं को_____और वाकाटक शासकों ने संरक्षण प्रदान किया।**

**उत्तर –** सातवाहन।

**(C) पंजाबी के अलावा भारतीय उपमहाद्वीप में विभिन्न देशों के लोगों द्वारा बोली जानेवाली एक अन्य भाषा____ है।**

**उत्तर –** बांग्ला (बंगाली)।

**प्रश्न 33 – बौद्धों ने सैकड़ों लोकप्रिय लोक कथाएँ अपना लीं। बौद्ध परंपरा में वे _____अथवा _____के पूर्व-जन्म की कथाओं के रूप में जानी जाती हैं।**

**उत्तर –** जातक और बोधिसत्व।

**प्रश्न 34 – किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**(A) मानवों का अध्ययन क्या कहलाता है?**

**उत्तर –** मानवशास्त्र।

**(B) जैन धर्म और दर्शन पर सबसे प्रसिद्ध लघु चित्र कौन-सा है?**

**उत्तर –** कल्पसूत्र।

**(C) 1821 में राजा राममोहन राय द्वारा कौन-सा समाचार पत्र प्रकाशित करना शुरू किया गया?**

**उत्तर –** संवाद कौमुदी।

**प्रश्न 35 – किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(A) तमिलनाडू के मध्यकाल की भगवान शिव की महिला संत का नाम लिखिए जिनकी साहित्यिक रचना प्रसिद्ध है।**

**उत्तर –** कराईक्कल अम्मैयार ।

**(B) किसी एक स्थान का नाम लिखिए जहाँ प्रारंभिक गुफा चित्र पाए जाते हैं।**

**उत्तर –** भीमबेटका (मध्य प्रदेश)।

**(C) भारत में धार्मिक संगीत का सबसे पहला उदाहरण कहाँ मिलता है?**

**उत्तर –** सामवेद।

# खंड - ख

**प्रश्न 36 – गुप्तवंश के पतन के बाद उत्तर भारत में उदित हुए दो राजवंश कौन से थे?**

**उत्तर –** गुप्तवंश के पतन के बाद उत्तर भारत में कई राजवंशों का उदय हुआ ।

1. पुष्यभूति वंश (थानेसर) था, जिसके शासक हर्षवर्धन ने उत्तर भारत को पुनः संगठित किया ।
2. मौखरी वंश (कन्नौज) था, जो पहले गुप्तों के सामंत थे और बाद में स्वतंत्र होकर एक बड़ी शक्ति बने ।

**प्रश्न 37 – दिल्ली सल्तनत के अंतर्गत उलेमाओं के किन्हीं दो कार्यों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –** दिल्ली सल्तनत में उलेमाओं के दो मुख्य कार्य थे:

1. **धार्मिक मार्गदर्शन :** वे इस्लामी कानूनों (शरिया) की व्याख्या करते थे और सुल्तान को धार्मिक मामलों में परामर्श देते थे ।
2. **न्याय और शिक्षा :** वे काजी (न्यायाधीश) के रूप में कार्य करते थे और मदरसों में शिक्षा व्यवस्था का संचालन करते थे ।

**OR/ अथवा**

**दिल्ली सल्तनत के दौरान संस्कृत में लिखे किन्हीं दो महत्त्वपूर्ण ग्रंथों के नामों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –** दिल्ली सल्तनत के दौरान संस्कृत में दो महत्वपूर्ण ग्रंथ थे :

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**राजतरंगिणी :** जिसे कल्हण ने कश्मीर के इतिहास के लिए लिखा और आगे 'जोनराज' व 'श्रीवर' ने जारी रखा;

**हम्मीर महाकाव्य :** जिसे नयचंद्र सूरी ने रणथंभौर के राजा हम्मीर देव और अलाउद्दीन खिलजी के संघर्ष का वर्णन करने के लिए लिखा।

**प्रश्न 38 – मुगलों के अधीन प्रांतीय प्रशासन में सूबेदार के किन्हीं दो कार्यों का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर –** मुगल प्रांतीय प्रशासन में **सूबेदार** के दो मुख्य कार्य थे :

1. **कानून और व्यवस्था बनाए रखना :** सूबेदार का प्राथमिक कर्तव्य प्रांत में शांति स्थापित करना, विद्रोह दबाना और प्रजा की सुरक्षा करना।
2. **शाही आदेशों का क्रियान्वयन:** वह सम्राट के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता था। उनका कार्य फरमान लागू करना, सेना का नेतृत्व करना और अन्य अधिकारियों के साथ प्रशासन समन्वय करना।

**OR/ अथवा**

**शिवाजी ने अपना राज्याभिषेक कब तथा कहाँ करवाया? उन्होंने कौन-सी उपाधि ग्रहण की?**

**उत्तर –** शिवाजी महाराज ने अपना राज्याभिषेक **6 जून 1674** को रायगढ़ किले में करवाया। इस अवसर पर उन्होंने मराठा साम्राज्य के सर्वोच्च शासक के रूप में **'छत्रपति'** की उपाधि ग्रहण की।

**प्रश्न 39 - 1857 के दौरान ब्रिटिश के विरुद्ध भारतीय सिपाहियों की किन्हीं दो शिकायतों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** 1857 के दौरान भारतीय सिपाहियों की दो प्रमुख शिकायतें थीं :

1. **धार्मिक हस्तक्षेप और नए कारतूस –** नई राइफल के कारतूस में गाय और सुअर की चर्बी का उपयोग, जिससे धर्म का अपमान हुआ।
2. **नस्लीय भेदभाव और कम वेतन –** ब्रिटिश सिपाहियों की तुलना में कम वेतन और पदोन्नति में असमानता।

**प्रश्न 40 - 'डेटांट' का जनक किसे कहा जाता है? इस पद का क्या अर्थ है? व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** 'डेटांट' एक फ्रांसीसी शब्द है, जिसका अर्थ है **तनाव में कमी**। शीतयुद्ध के दौरान जब अमेरिका और सोवियत संघ के बीच तनाव घटा और सहयोग बढ़ा, उसे डेटांट कहा गया। इसके प्रमुख प्रणेता राष्ट्रपति **रिचर्ड निक्सन** और **हेनरी किसिंजर** थे।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**OR/ अथवा**

**19वीं शताब्दी के अंत में रूस के महत्त्वपूर्ण राजनैतिक समूह कौन से थे ? व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** 19वीं शताब्दी के अंत में रूस में जारशाही के विरोध में कई राजनीतिक समूह सक्रिय थे। इनमें नारोदनिक किसान हितों के समर्थक थे, रूसी सामाजिक लोकतांत्रिक श्रमिक दल एक मार्क्सवादी दल था जो बाद में बोल्शेविक और मेनशेविक बना। उदारवादी संविधान और अधिकार चाहते थे, जबकि समाजवादी क्रांतिकारी भूमि पुनर्वितरण के पक्षधर थे।

**वैकल्पिक मॉड्यूल-6A**

**( भारत में राज्यों का विकास )**

**प्रश्न 41 - मैगस्थनीज़ के अनुसार मौर्य साम्राज्य की सेना की ताकत का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर –** मेगस्थनीज़ के अनुसार मौर्य साम्राज्य की सेना अत्यंत मजबूत थी। इसमें लगभग 6 लाख पैदल सैनिक, 30,000 घुड़सवार, 9,000 हाथी और 8,000 रथ शामिल थे। सेना का संचालन 30 सदस्यीय विभाग द्वारा छह उप-समितियों पैदल सेना, अश्वारोही, रथ, गज, नौसेना और रसद के माध्यम से किया जाता था।

**वैकल्पिक मॉड्यूल-6B**

**( भारत में सांस्कृतिक विकास )**

**प्रश्न 41 - 'कलमकारी वस्त्र' की अद्वितीयता का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर –** कलमकारी वस्त्र अपनी अद्वितीय कला के लिए प्रसिद्ध है। इसमें प्राकृतिक रंगों का उपयोग होता है और बांस की कलम से हाथ से चित्र बनाए जाते हैं। सूती कपड़ों पर पौराणिक कथाएँ और प्राकृतिक चित्र उकेरे जाते हैं, जो इसे रसायनमुक्त और कलात्मक बनाते हैं।

**प्रश्न 42 - गांधार कला की शैली के विशिष्ट लक्षणों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** गांधार कला का विकास कुषाण काल में हुआ और यह भारतीय विषयवस्तु तथा यूनानी-रोमन तकनीक का मिश्रण है। इस शैली में बुद्ध को मानवीय रूप में दिखाया गया, यथार्थवाद पर जोर है। वेशभूषा में यूनानी टोगा और सिलवटें स्पष्ट हैं। शारीरिक विशेषताएँ जैसे घुंघराले बाल, लंबी नाक, चौड़ा माथा, मूंछें प्रमुख हैं। मूर्तियों में स्लेटी शिस्ट पत्थर और बाद में प्लास्टर का प्रयोग होता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 43-सत्ता के वर्चस्व को सुल्तान के पास कायम रखने के लिए बलबन ने किन उपायों को अपनाया? वर्णन कीजिए।**

**उत्तर –** ग़यासुद्दीन बलबन ने दिल्ली सल्तनत में सुल्तान की शक्ति और प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए 'राजत्व का सिद्धांत' अपनाया। उसने स्वयं को ईश्वर का प्रतिनिधि घोषित किया, तुर्की अमीरों की चालीसा को दमन किया, दरबार में सिजदा और पायबोस अनिवार्य किए, विद्रोहियों पर कठोर दंड लगाया और रईसों पर नजर रखने के लिए गुप्तचर विभाग (बरीद) स्थापित किया।

**प्रश्न 44 -1636 में मुग़लों और बीजापुर के बीच हुई संधि के किन्हीं तीन महत्त्वपूर्ण बिंदुओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर –** 1636 की शाहजहाँ-बीजापुर संधि और इसके प्रमुख बिंदु :

1. **मुग़ल संप्रभुता की स्वीकारोक्ति :** बीजापुर के सुल्तान ने मुग़ल सम्राट की अधीनता स्वीकार की; अब उन्हें 'खान' कहा जाने लगा और शुक्रवार के खुतबे में मुग़ल सम्राट का नाम लिया गया।
2. **क्षेत्रीय बँटवारा :** अहमदनगर के निजामशाही क्षेत्र समाप्त कर मुग़लों और बीजापुर में बाँटे गए, बीजापुर का दक्षिण की ओर विस्तार हुआ।
3. **शांति और सुरक्षा :** बीजापुर ने 20 लाख रुपये हर्जाना दिया और गोलकुंडा व मराठा सरदार शाहजी भोंसले को परेशान न करने का वचन दिया।

Or / अथवा

**दिल्ली सल्तनत के अंतर्गत परगना स्तर के तीन अधिकारियों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर –** दिल्ली सल्तनत में परगना (गाँवों का समूह) स्तर के तीन प्रमुख अधिकारी इस प्रकार थे :

1. **आम्रिल :** यह परगना का सबसे महत्त्वपूर्ण अधिकारी था। इसका मुख्य कार्य किसानों से भू-राजस्व की वसूली सुनिश्चित करना और कृषि भूमि का हिसाब रखना था।
2. **मुशरिफ :** यह एक मुख्य लेखाकार के रूप में कार्य करता था। यह लगान और अन्य करों से प्राप्त आय का विस्तृत विवरण तैयार करता था ताकि भ्रष्टाचार न हो।
3. **खज़ानदार :** इसे कोषाध्यक्ष कहा जाता था। परगना से एकत्र किया गया सारा नकद और अनाज इसी के नियंत्रण में सुरक्षित रखा जाता था।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 45 -भारत में अपने शासन का विस्तार करने के लिए ब्रिटिश द्वारा अपनाए गए किन्हीं तीन तरीकों पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर – ब्रिटिश साम्राज्य के विस्तार के लिए अपनाए गए तीन प्रमुख तरीके निम्नलिखित थे :**

1. **सहायक संधि :** लॉर्ड वेलेज़ली की इस नीति के तहत भारतीय राजाओं को ब्रिटिश सेना रखनी पड़ती थी, जिससे वे अपनी सैन्य स्वतंत्रता खोकर अंग्रेजों पर निर्भर हो गए।
2. **व्यपगत का सिद्धांत :** डलहौजी ने इस नीति से उन राज्यों को हड़प लिया जिनके कोई प्राकृतिक उत्तराधिकारी नहीं थे, जैसे झाँसी और सतारा।
3. **प्रत्यक्ष युद्ध :** अंग्रेजों ने प्लासी, बक्सर और मैसूर युद्धों के जरिए उन शासकों को सैन्य बल से हराया जिन्होंने उनकी अधीनता स्वीकार नहीं की थी।

Or / अथवा

**1764 के बक्सर युद्ध के किन्हीं तीन कारणों पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर – 1764 के बक्सर युद्ध के तीन प्रमुख कारण निम्नलिखित थे :**

1. **दस्तक का दुरुपयोग :** कंपनी अधिकारियों द्वारा मुफ्त व्यापार पास का गलत इस्तेमाल, जिससे राज्य और स्थानीय व्यापारियों को नुकसान हुआ।
2. **राजधानी का स्थानांतरण :** मीर कासिम ने अंग्रेजों के प्रभाव से बचने के लिए अपनी राजधानी मुर्शिदाबाद से मुंगेर स्थानांतरित कर दी और अपनी सेना को आधुनिक तर्ज पर संगठित करना शुरू किया।
3. **आंतरिक व्यापार कर की समाप्ति :** तो मीर कासिम ने सभी भारतीय व्यापारियों के लिए भी कर समाप्त कर दिया। इससे अंग्रेजों का व्यापारिक विशेषाधिकार खत्म हो गया, जो युद्ध का तात्कालिक कारण बना।

**प्रश्न 46 - वर्साय संधि के किन्हीं तीन महत्त्वपूर्ण बिंदुओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** वर्साय की संधि की तीन प्रमुख शर्तें निम्नलिखित थीं :

1. **क्षेत्रीय हानि :** र्मनी को अपने अधिकांश क्षेत्र और सभी उपनिवेश छोड़ने पड़े, अल्सास और लोरेन फ्रांस को लौटाए गए।
2. **सैन्य प्रतिबंध :** जर्मनी की सेना केवल 1,00,000 तक सीमित की गई और नौसेना तथा वायु सेना रखने से मना किया गया।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. **युद्ध का हर्जाना :** जर्मनी को युद्ध के लिए दोषी ठहराया गया और उस पर 6.6 अरब पाउंड का भारी जुर्माना लगाया गया, जिसे 'युद्ध अपराध खंड' कहा गया।

Or / अथवा

**'ऑपरेशन सी लायन' क्या था? व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** ऑपरेशन सी लायन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की ब्रिटेन पर गुप्त आक्रमण योजना थी। 1940 में फ्रांस पर विजय के बाद, हिटलर इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन में सेना उतारना चाहता था। इसके लिए ब्रिटिश वायु सेना (RAF) पर पूर्ण नियंत्रण आवश्यक था। हालांकि, लुफ़्तवाफ़े ब्रिटिश वायु सेना को हराने में असफल रही। परिणामस्वरूप, हिटलर को यह योजना अनिश्चित काल के लिए स्थगित करनी पड़ी।

**प्रश्न 47 - मिखाइल गोर्बाचेव ने सोवियत संघ को बदलने और पुनर्जीवित करने के लिए क्या प्रयास किए? चर्चा कीजिए।**

**उत्तर – मिखाइल गोर्बाचेव ने सोवियत सुधार के लिए तीन मुख्य नीतियाँ अपनाईं।**

1. **पेरेस्त्रोइका :** गोर्बाचेव ने केंद्रीकृत नियंत्रण घटाकर उद्योगों को अधिक स्वतंत्रता दी और सीमित निजी व्यवसाय को अनुमति दी। यह नीति आर्थिक सुधार और राजनीतिक पुनर्गठन लाने के लिए थी।
2. **ग्लासनोस्त :** इस नीति से प्रेस और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बढ़ी। जनता सरकारी कामकाज की आलोचना कर सकती थी, जिससे पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता बढ़ी।
3. **लोकतंत्रीकरण और विदेश नीति :** गोर्बाचेव ने बहु-दलीय चुनाव शुरू किए, अफ़गानिस्तान से सेना वापस बुलाई और अमेरिका के साथ परमाणु हथियार नियंत्रण समझौते कर शीत युद्ध समाप्त करने की कोशिश की।

**प्रश्न 48 - 1857 के विद्रोह की विफलता के कारणों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – 1857 का विद्रोह असफल होने के 5 कारण-**

1. **एकता और समन्वय का अभाव :** विद्रोहियों के पास कोई साझा नेतृत्व या योजना नहीं थी; कई नेता सिर्फ अपने क्षेत्र के लिए लड़ रहे थे।
2. **कमजोर नेतृत्व :** बहादुर शाह जफर और अन्य क्षेत्रीय नेता पूरे आंदोलन को प्रभावी ढंग से एकजुट और संगठित नहीं कर पाए।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. **ब्रिटिश सैन्य श्रेष्ठता :** अंग्रेजों के पास आधुनिक हथियार, प्रशिक्षित सेना, पर्याप्त धन और रेल-तार जैसे संचार साधन थे, जिससे विद्रोह दबा।
4. **सीमित प्रभाव :** विद्रोह मुख्य रूप से उत्तर भारत तक ही सीमित रहा; दक्षिण और बंगाल, बम्बई प्रेसीडेंसी प्रभावित नहीं हुई।
5. **विभिन्न भारतीय वर्गों का सहयोग :** शिक्षित मध्यम वर्ग, बड़े जमींदार और व्यापारी अंग्रेजों के पक्ष में रहे या विद्रोह में शामिल नहीं हुए।

**Or / अथवा**

**संथाल आदिवासी विद्रोह में सिद्धू और कानू भाइयों की भूमिका पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर** – संथाल विद्रोह (1855-56), ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन और ज़मींदारों के शोषण के विरुद्ध एक शक्तिशाली जन-आंदोलन था। इसमें सिद्धू और कानू मुर्मू की भूमिका निर्णायक रही :

1. **नेतृत्व और संगठन:** सिद्धू और कानू ने हज़ारों संथालों को संगठित किया। 30 जून 1855 को 'भोगनाडीह' में "अपना देश, अपना राज" का नारा दिया।
2. **सशस्त्र प्रतिरोध :** उनके नेतृत्व में संथाल तीर-कमान और पारंपरिक हथियारों से अंग्रेज़ अधिकारियों, पुलिस और ज़मींदारों पर हमला किए। रेल और डाक व्यवस्था को ठप किया।
3. **समानांतर सरकार :** विद्रोह के दौरान उन्होंने एक समानांतर प्रशासन स्थापित किया और अंग्रेजों को कर देना बंद कर दिया।
4. **बलिदान :** ब्रिटिश सेना के दबाव में विद्रोह दब गया। सिद्धू और कानू को पकड़कर फाँसी दी गई। उनकी शहादत भविष्य के आंदोलनों के लिए प्रेरणा बनी।

**प्रश्न 49 - 1757 के प्लासी युद्ध के कारण क्या थे? व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – 1757 के प्लासी युद्ध के मुख्य कारण निम्नलिखित थे :**

1. **व्यापारिक रियायतों का दुरुपयोग :** मुग़ल सम्राट ने कंपनी को कर-मुक्त व्यापार के लिए 'दस्तक' दिए थे, लेकिन कंपनी के कर्मचारी इसका निजी लाभ के लिए इस्तेमाल कर नवाब के राजस्व को नुकसान पहुँचाने लगे।
2. **किलेबंदी की समस्या :** अंग्रेजों ने नवाब की अनुमति के बिना कलकत्ता (फोर्ट विलियम) की किलेबंदी शुरू की। नवाब ने विरोध किया, लेकिन अंग्रेज रुके नहीं, जिसे उन्होंने अपनी संप्रभुता पर हमला माना।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. **शरणार्थियों को आश्रय :** अंग्रेजों ने विद्रोही अधिकारी कृष्णदास को शरण दी। नवाब की मांग के बावजूद उसे सौंपा नहीं गया।
4. **ब्लैक होल की घटना :** वाब ने कलकत्ता पर अधिकार किया। छोटी कोठरी में अंग्रेज बंदियों की दम घुटने से मौत की खबर ने युद्ध की आग भड़का दी।
5. **नवाब के विरुद्ध षडयंत्र :** अंग्रेजों ने मीर जाफर और सेठ अमीचंद के साथ मिलकर नवाब को हटाने का गुप्त समझौता कर लिया।

Or / अथवा

**'वुड्स डिस्पैच' की आवश्यक विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – वुड्स डिस्पैच' (1854) की आवश्यक विशेषताएँ :**

**स्थापना का उद्देश्य :** यह भारत में उच्च शिक्षा और प्रशासनिक प्रशिक्षण सुधारने के लिए लॉर्ड डब्ल्यू. वुड्स ने अंग्रेज सरकार को भेजा था।

**हिंदी और भारतीय भाषाओं का समर्थन :** डिस्पैच ने स्थानीय भाषाओं के प्रचार और विकास पर जोर दिया, लेकिन उच्च शिक्षा के लिए अंग्रेज़ी को प्राथमिक भाषा बनाने की सिफारिश की।

**विश्वविद्यालयों का गठन :** इसने भारतीय विश्वविद्यालयों की स्थापना की सिफारिश की ताकि उच्च शिक्षा का स्तर बढ़ सके।

**अधिकारियों की भर्ती** : यह भारतीय युवाओं को प्रशासन में शामिल करने और उन्हें प्रशिक्षित करने की आवश्यकता बताता है।

**शिक्षा में सुधार :** इसमें शिक्षा का उद्देश्य न केवल प्रशासनिक दक्षता बल्कि समाजिक जागरूकता और नैतिक विकास भी बताया गया।

## वैकल्पिक मॉड्यूल-6A

## ( भारत में राज्यों का विकास )

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 50 - ब्रिटिश और देशी रजवाड़ों के बीच सहायक संधि की महत्त्वपूर्ण शर्तें क्या थीं?**

**उत्तर – इस संधि की मुख्य शर्तें निम्नलिखित थीं**

1. **ब्रिटिश सेना की तैनाती :** राजा को अपने राज्य में ब्रिटिश सेना रखना पड़ता था। इसका खर्च नकद या राज्य का हिस्सा देकर उठाना होता।
2. **विदेश नीति पर नियंत्रण :** देशी राज्य किसी अन्य विदेशी शक्ति से संधि या युद्ध नहीं कर सकते; किसी भी बातचीत के लिए अंग्रेजों की अनुमति अनिवार्य थी।
3. **ब्रिटिश रेजिडेंट :** राजा के दरबार में रेजिडेंट तैनात होता, जो आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का वादा करता, लेकिन व्यवहार में प्रशासन पर नियंत्रण रखता।
4. **यूरोपीय नियुक्तियों पर रोक :** राजा केवल अंग्रेजों को नौकरी पर रख सकता था; अन्य यूरोपीय, विशेषकर फ्रांसीसी, को नहीं।
5. **सुरक्षा का आश्वासन :** ईस्ट इंडिया कंपनी राज्य को बाहरी आक्रमण और आंतरिक विद्रोह से सुरक्षा प्रदान करती थी।

**Or / अथवा**

**1820 तथा 1850 के मध्य भारत का पश्चिमीकरण करने के लिए ब्रिटिश ने भारतीय सामाजिक संस्थानों में क्या परिवर्तन किए?**

**उत्तर – 1820 –1850 के बीच भारतीय समाज के पश्चिमीकरण के उपाय:**

1. **सती प्रथा का उन्मूलन :** लॉर्ड विलियम बेंटिक ने राजा राममोहन राय के सहयोग से **1829** में सती प्रथा पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। इसे समाज सुधार की दिशा में सबसे बड़ा कदम माना गया।
2. **शिक्षा का माध्यम :** 1835 के 'मैकाले मिनट' के माध्यम से पश्चिमी शिक्षा और अंग्रेजी भाषा को आधिकारिक माध्यम बनाया गया। इसका उद्देश्य ऐसे 'काले अंग्रेजों' का वर्ग तैयार करना था जो ब्रिटिश प्रशासन में सहायक हों।
3. **कानूनी सुधार :** थॉमस मैकाले के नेतृत्व में विधि आयोग ने भारतीय कानूनों का संहिताकरण किया, जिससे देश में 'कानून का शासन' और समानता की पश्चिमी अवधारणा पेश की गई।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

4. **कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह :** इन कुप्रथाओं को रोकने के लिए कई नियामक कदम उठाए गए और विधवा पुनर्विवाह (जिसका कानून 1856 में बना) के लिए पृष्ठभूमि तैयार की गई।
5. **धार्मिक परिवर्तन :** 1813 के चार्टर एक्ट के बाद ईसाई मिशनरियों को भारत में धर्म प्रचार की छूट दी गई, जिससे पश्चिमी जीवनशैली और धर्म का प्रभाव बढ़ा।

## वैकल्पिक मॉड्यूल-6B

## ( भारत में सांस्कृतिक विकास )

### प्रश्न 50 - भारतीय वस्त्र कैसे संस्कृति को दर्शाते हैं?

उत्तर – **भारतीय संस्कृति में वस्त्रों की भूमिका :**

1. **क्षेत्रीय विविधता का दर्पण :** भारत के अलग-अलग क्षेत्रों के वस्त्र वहाँ की जलवायु के अनुसार होते हैं। जैसे कश्मीर की गर्म शॉल ठंड के लिए और दक्षिण भारत के हल्के सूती वस्त्र गर्मी के लिए उपयुक्त हैं।
2. **कला और हस्तशिल्प :** भारतीय वस्त्रों की बुनाई और कढ़ाई, जैसे चिकनकारी, पटोला और कलमकारी, हमारी पुरानी कला और परंपरा को जीवित रखती हैं।
3. **धार्मिक और सामाजिक प्रतीक :** वस्त्रों के रंग और प्रकार धार्मिक अवसरों से जुड़े होते हैं। शादी में लाल रंग और अलग-अलग पगड़ियाँ सामाजिक पहचान बताती हैं।
4. **प्रकृति से जुड़ाव :** पारंपरिक कपड़ों में कपास, रेशम और प्राकृतिक रंगों का प्रयोग भारतीय संस्कृति की सादगी और प्रकृति प्रेम को दर्शाता है।
5. **सांस्कृतिक निरंतरता :** प्राचीन हड़प्पा सभ्यता में कपास के प्रयोग से लेकर आज तक भारतीय वस्त्रों की मौलिकता बनी हुई है। साड़ी और धोती हमारी सांस्कृतिक निरंतरता के श्रेष्ठ उदाहरण हैं।

**Or / अथवा**

### भारतीय खान-पान की आदतें कैसे संस्कृति को दर्शाते हैं ?

उत्तर – **भारतीय खान-पान और संस्कृति :**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. **क्षेत्रीय विविधता और भूगोल :** तटीय क्षेत्रों में मछली और चावल, पंजाब और हरियाणा में दूध, दही और गेहूं; स्थानीय जलवायु और कृषि संस्कृति को दर्शाते हैं।
2. **आयुर्वेद और स्वास्थ्य विज्ञान :** मसाले जैसे हल्दी, अदरक और हींग स्वाद के साथ औषधीय गुण भी देते हैं, 'भोजन ही औषधि है' के सिद्धांत को प्रदर्शित करते हैं।
3. **धार्मिक और आध्यात्मिक प्रभाव :** जैन, हिंदू और अन्य धर्मों में सात्विक भोजन, उपवास और अहिंसा आधारित आहार, मन और आत्मा की शुद्धि दर्शाते हैं।
4. **आतिथ्य और सामाजिकता :** भोजन साझा करना प्रेम और सम्मान का प्रतीक है; लंगर और सामुदायिक भोजन सामाजिक समरसता को दर्शाते हैं।
5. **भोजन परोसने की पारंपरिक शैलियाँ :** दक्षिण भारत में केले के पत्ते, उत्तर भारत में थाली, प्राकृतिक सम्मान और जीवन की पूर्णता का प्रतीक हैं।

**प्रश्न 51 - भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को दर्शाइए :**

**(A) तक्षशीला**


**(B) मथुरा**

**(C) सांची**


**(D) उज्जयिनी**

**(E) मगध**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/




All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/


MYS FOUNDATION
NIOS PYQ's
SOLUTIONS
PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS
OCTOBER-2024
Your Path to Success

# खंड - अ

**प्रश्न 1 - ऋग्वेदिक काल में निम्नलिखित में से किस देवता को मौसम का देवता कहा जाता था ?**

**(A) अग्नि** **(B) वरुणा**

**(C) इंद्र** **(D) यम**

**उत्तर –** (C) इंद्र

**प्रश्न 2 - ऋग्वेदिक काल में निम्नलिखित में से किस देवता को मौसम का देवता कहा जाता था ?**

**(A) सोना** **(B) चांदी**

**(C) तांबा** **(D) सीसा**

**उत्तर –** (C) तांबा

**प्रश्न 3 - निम्नलिखित में से कौन चंद्रगुप्त प्रथम का उत्तराधिकारी बना ?**

**(A) श्रीगुप्त** **(B) चंद्रगुप्त द्वितीय**

**(C) समुद्रगुप्त** **(D) कुमारगुप्त**

**उत्तर –** (C) समुद्रगुप्त

**प्रश्न 4 - बैरम खान ने मुगल साम्राज्य के वकील के रूप में निम्नलिखित में से कौन सी उपाधि धारण की थी ?**

**(A) नवाब** **(B) अमीर-उल-उमरा**

**(C) खान-ए-खानान** **(D) वज़ीर**

**उत्तर –** (C) खान-ए-खानान

**प्रश्न 5- शीत युद्ध के दौरान प्राथमिक वैचारिक संघर्ष क्या था ?**

**(A) लोकतंत्र बनाम राजशाही** **(B) पूँजीवाद बनाम साम्यवाद**

**(C) फासीवाद बनाम समाजवाद** **(D) राष्ट्रवाद बनाम साम्राज्यवाद**

**उत्तर –** (B) पूँजीवाद बनाम साम्यवाद

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 6- निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र, जहाँ गांधार कला शैली विकसित हुई ?**

**(A) दक्षिणी भारत** **(B) भारतीय उपमहाद्विप का उत्तर-पश्चिमी भाग**

**(C) पूर्वी भारत** **(D) मध्य भारत**

**उत्तर –** (B) भारतीय उपमहाद्विप का उत्तर-पश्चिमी भाग

**प्रश्न 7- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका और यूएसएसआर के बीच प्राथमिक संघर्ष क्या था ?**

**(A) क्षेत्रीय विवाद** **(B) वैचारिक मतभेद**

**(C) आर्थिक व्यापार** **(D) सांस्कृतिक आदान-प्रदान**

**उत्तर –** (B) वैचारिक मतभेद

**प्रश्न 8 - निम्नलिखित में से किस कंपनी को 1600 से 1858 तक भारत पर शासन करने के लिए जाना जाता है?**

**(A) डच ईस्ट इंडिया कंपनी** **(B) फ्रेंच ईस्ट इंडिया कंपनी**

**(C) ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी** **(D) पुर्तगाली ईस्ट इंडिया कंपनी**

**उत्तर –** (C) ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी

**प्रश्न 9 - निम्नलिखित में से कौन भारत में मुगल साम्राज्य का संस्थापक था ?**

**(A) बाबर** **(B) अकबर**

**(C) हुमायूँ** **(D) शाहजहाँ**

**उत्तर –** (A) बाबर

**प्रश्न 10 होमी जे. भाभा को किस वैज्ञानिक क्षेत्र में उनके काम के लिए जाना जाता है?**

**(A) आण्विक जीव विज्ञान** **(B) परमाणु विज्ञान**

**(C) आनुवंशिक अनुसंधान** **(D) अंतरिक्ष अन्वेषण**

**उत्तर –** (B) परमाणु विज्ञान

**प्रश्न 11 - मनसबदारी व्यवस्था को औपचारिक रूप देने वाला मुगल सम्राट कौन था ?**

**(A) अकबर** **(B) बाबर**

**(C) जहाँगीर** **(D) औरंगजेब**

**उत्तर –** (A) अकबर

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 12 - निम्नलिखित में से किसने भारत में सहायक सन्धि व्यवस्था की शुरुआत की ?**

**(A) लॉर्ड डलहौजी**

**(B) लॉर्ड वेलेस्ली**

**(C) लॉर्ड क्लाइव**

**(D) लॉर्ड कर्जन**

**उत्तर –** (B) लॉर्ड वेलेस्ली

**प्रश्न 13 - निम्नलिखित में से किसने 20 वीं सदी की शुरुआत में भारत में उत्कृष्ट साहित्य का विकास किया ?**

**(A) भीम सेन जोशी**

**(B) रवीन्द्रनाथ टैगोर**

**(C) मुल्क राज आनंद**

**(D) विक्रम सेठ**

**उत्तर –** (B) रवीन्द्रनाथ टैगोर

**प्रश्न 14 - संचार पर वैश्वीकरण का निम्नलिखित में से कौन सा प्रभाव है?**

**(A) इससे संचार धीमा हो गया है।**

**(B) इसने संचार को और अधिक महंगा बना दिया है।**

**(C) इसने सस्ते और त्वरित संचार की सुविधा प्रदान की है।**

**(D) इसने संचार चैनलों को अलग-अलग कर दिया हैं।**

**उत्तर –** (C) इसने सस्ते और त्वरित संचार की सुविधा प्रदान की है।

**प्रश्न 15 - बंकिम चंद्र चटर्जी ने किस उपन्यास में संन्यासी विद्रोह को अमर बना दिया ?**

**(A) आनंद मठ**

**(B) चित्रलेखा**

**(C) देवदास**

**(D) गोरा**

**उत्तर –** (A) आनंद मठ

**प्रश्न 16 - निम्नलिखित में से किस समाज सुधारक को 19 वीं शताब्दी में सती प्रथा पर हमला करने के लिए जाना जाता था ?**

**(A) जोतिबा फुले**

**(B) ईश्वरचंद्र विद्यासागर**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) राजा राममोहन राय** **(D) दादाभाई नौरोजी**

**उत्तर –** (C) राजा राममोहन राय

**प्रश्न 17 - निम्नलिखित नेताओं में से किसने भारत में 20वीं सदी की शुरुआत में स्वदेशी वस्तुएँ अपनाने और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का संदेश बंबई और पुणे तक ले कर गए ?**

**(A) बिपिन चंद्र पाल** **(B) लोकमान्य तिलक**

**(C) लाला लाजपत राय** **(D) सैयद हैदर रज़ा**

**उत्तर –** (B) लोकमान्य तिलक

**प्रश्न 18 - निम्नलिखित में से कौन से देश त्रिपक्षीय संधि का हिस्सा थे ?**

**(A) जर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी, इटली** **(B) ब्रिटेन, फ्रांस, रूस**

**(C) जापान, इटली, जर्मनी** **(D) अमेरिका, ब्रिटेन, इटली**

**उत्तर –** (C) जापान, इटली, जर्मनी

**प्रश्न 19 - निम्नलिखित में से कौन सा देश राष्ट्र संघ के गठन में अग्रणी भूमिका के बावजूद इसमें शामिल नहीं हुआ ?**

**(A) यूनाइटेड किंगडम** **(B) फ्रांस**

**(C) इटली** **(D) संयुक्त राज्य अमेरिका**

**उत्तर –** (D) संयुक्त राज्य अमेरिका

**प्रश्न 20 - द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वैश्विक शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन की स्थापना की गई थी ?**

**(A)संयुक्त राष्ट्र** **(B) राष्ट्र संघ**

**(C) म्यूनिख समझौता** **(D) वर्सायसंधि**

**उत्तर –** (A) संयुक्त राष्ट्र

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 21 - रिक्त स्थान भरिये :**

**हड़प्पा लिपि अभी तक _______नहीं गई है। ऐसा माना जाता है कि वे विचार को सीधे व्यक्त करने के लिए यानी एक ग्राफिक प्रतीक या चरित्र का उपयोग करते थे।**

**उत्तर –** पढ़ी।

**प्रश्न 22 - रिक्त स्थान भरिये :**

**(i) ब्रह्मो-प्रण की रचना _______द्वारा की गई थी।**

**उत्तर –** राजा राम मोहन राय

**(ii) आत्मीय सभा की स्थापना _________में हुई।**

**उत्तर –** 1815

**प्रश्न 23 - रिक्त स्थान भरिये :**

**चीनी तीर्थयात्री _____चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल के दौरान भारत आए थे और तीर्थयात्री ह्वेन त्सांग _______के शासनकाल के दौरान आए थे।**

**उत्तर –** फाह्यान, और हर्षवर्धन

**प्रश्न 24 - रिक्त स्थान भरिये :**

**_______ दिल्ली सल्तनत में, खिलजियों ने 1290 ई. से 1320 ई. तक शासन किया और उनके बाद ____आए जिन्होंने 1320 ई. से 1412 ई. तक शासन किया।**

**उत्तर –** खिलजी , तुगलक

**प्रश्न 25 - रिक्त स्थान भरिये :**

**(1) _________नामक महिला शासक ने मुगलों के साथ युद्ध किया।**

**उत्तर –** चाँद बीबी

**(ii) अकबर ने _______की नीति अपनाई और मुखिओं को मुगल कुलीन वर्ग में कर लिया।**

**उत्तर –** 'सुलह-ए-कुल'

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 26 - रिक्त स्थान भरिये :**

**(1) 1905 में कर्जन ने भारत में __________के विभाजन की घोषणा की।**

**उत्तर –** बंगाल

**(ii) इससे भारत में ______आंदोलन का उदय हुआ।**

**उत्तर –** स्वदेशी आंदोलन

**प्रश्न 27 - निम्नलिखित वाक्यों को पूरा करिये :**

**(i) बाल गंगाधर तिलक ने एक धार्मिक मंच बनाने के लिए महाराष्ट्र में_________ उत्सवों की शुरुआत की,जहाँ से राष्ट्रवादी विचारों का प्रचार और प्रसार किया जा सके।**

**उत्तर –** गणपति और शिवाजी उत्सवों

**(ii) 1905 के बनारस अधिवेशन में भारतीय नॅशनल कांग्रेस ने औपचारिक रूप से ______का आह्वान किया, जिसकी अध्यक्षता जी. के. गोखले ने की।**

**उत्तर –** स्वदेशी आंदोलन और बहिष्कार

**प्रश्न 28 - निम्नलिखित वाक्यों को पूरा करिये :**

**(i) युरोपीय राष्ट्रवाद के उदय के दौरान भारत मुख्यतः________ अर्थव्यवस्था थी।**

**उत्तर –** कृषि-प्रधान

**(ii) भारत में राष्ट्रवाद मुख्य रूप से______ शासन की प्रतिक्रिया के रूप में विकसित हुआ।**

**उत्तर –** ब्रिटिश

**प्रश्न 29 - निम्नलिखित वाक्य को पूरा करिये :**

**कई देशों में अधिनायकवादी शासन का उदय हुआ : इटली में______, जर्मनी में______ और जापान में सैन्य फासिस्टवाद।**

**उत्तर –** फासीवाद, और नाजीवाद

**प्रश्न 30 - निम्नलिखित वाक्य को पूरा करिये :**

**मुख्यतः सिखों ने _______के सैन फ्रांसिस्को शहर में 1913 में _________आंदोलन शुरू किया।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर** – अमेरिका, और ग़दर आंदोलन

**प्रश्न 31 - निम्नलिखित कथन को पूरा करिये :**

**7 वीं शताब्दी ई. में अरब में "_________ " नामक एक नए धर्म का उदय हुआ। इसकी स्थापना और प्रचार पैगंबर__________ (570-632 ई.) ने किया था।**

**उत्तर** – इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद

**वैकल्पिक मॉड्यूल 6 A**

**प्रश्न 32 - निम्नलिखित वाक्यों को पूरा करिये :**

**कौटिल्य द्वारा लिखित ______ और अशोक के शिलालेख, ______काल के लिखित अभिलेखों के प्राथमिक स्रोत हैं।**

**उत्तर** – अर्थशास्त्र, और मौर्य काल

**प्रश्न 33 - निम्नलिखित वाक्यों को पूरा करिये :**

**_______जहांगीर का पोता था, 1658 से 1707 तक शासन किया जिसने सैन्य अभियान कर साम्राज्य का अधिकतम विस्तार किया। उसका शासन धार्मिक असहिष्णुता, अधिक कर के कारण जाना जाता रहा, जिससे _______साम्राज्य पतन की ओर अग्रसर हो गया।**

**उत्तर** – औरंगजेब और पतन

**प्रश्न 34 - निम्नलिखित वाक्यों को पूरा करिये :**

**(i) भारत को पश्चिमीकृत करने के लिए अंग्रेजों द्वारा किया गया सबसे महत्वपूर्ण काम______ शिक्षा का एक संशोधित संस्करण पेश करना था।**

**उत्तर** – अंग्रेजी

**(ii) 1835 के मैकाले के ______पर मिनट का ब्रिटिश शैक्षिक नीति पर निर्णायक प्रभाव पड़ा और यह भारतीय सभ्यता (19वीं शताब्दी) के लिए पश्चिमी तर्कवादी दृष्टिकोण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।**

**उत्तर** – शिक्षा

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 35 - निम्नलिखित वाक्यों को पूरा करिये :**

**(i) दिल्ली सल्तनत की स्थापना _______गौरी की विजयों द्वारा हुई थी।**

**उत्तर –** मुहम्मद गौरी

**(ii) इल्बारी तुर्कों के वंश को सामूहिक रूप से__________ सल्तनत के रूप में जाना जाता था।**

**उत्तर –** गुलाम वंश

**वैकल्पिक मॉड्यूल 6 B**

**प्रश्न 32 - एक शब्द में उत्तर दीजिये :**

**(i) जीवन का वह कौन सा तरीका है जो एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भिन्न होता है?**

**उत्तर –** संस्कृति

**(ii) सामाजिक तथा आर्थिक वातावरण में बड़े होने से क्या प्रभावित होता हैं ?**

**उत्तर –** व्यक्तित्व और दृष्टिकोण।

**प्रश्न 33 - एक शब्द में उत्तर दीजिये :**

**(i) शिकार करने और भोजन इकट्ठा करने वाली जनजातियों द्वारा बनाई गई सबसे पुरानी पेंटिंग कहां पाई जाती है ?**

**उत्तर –** भीमबेटका

**(ii) अजंता की पेंटिंग के क्या स्रोत हैं ?**

**उत्तर –** बौद्ध धर्म

**प्रश्न 34 - एक शब्द में उत्तर दीजिये :**

**(i) रामचरितमानस की रचना किसने की ?**

**उत्तर –** तुलसीदास

**(ii) तमिल में रामायण किसने लिखी ?**

**उत्तर –** कंबन

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 35 - एक शब्द में उत्तर दीजिये :**

**(i)1760 में भारत में पहला समाचार पत्र किस भाषा में प्रकाशित हुआ था ?**

**उत्तर –** अंग्रेजी

**(ii) बंगाल का प्रमुख सुधारक कौन था जिसने सामाजिक सुधार के लिए प्रेस का उपयोग किया ?**

**उत्तर –** राजा राम मोहन राय

# खंड - ख

**प्रश्न 36 - प्रारंभिक वैदिक आर्यों की प्राथमिक आर्थिक गतिविधियाँ उत्तर वैदिक काल की गतिविधियों से किस प्रकार भिन्न थीं ?**

**उत्तर –** प्रारंभिक वैदिक काल में आर्यों की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से पशुपालन पर आधारित थी और कृषि गौण कार्य थी। संपत्ति का प्रमुख मापदंड गायें थीं। इसके विपरीत, उत्तर वैदिक काल में लोहे के उपयोग और गंगा घाटी के विस्तार के कारण कृषि प्रमुख आर्थिक गतिविधि बन गई और भूमि महत्वपूर्ण हुई।

**प्रश्न 37 - अलाउद्दीन खिल्जी के किन्हीं दो बाज़ार नियमों की परख कीजिये।**

**उत्तर – अलाउद्दीन खिल्जी के नियमों की परख इस प्रकार है :**

1. **मूल्य नियंत्रण :** अलाउद्दीन खिलजी ने अनाज व आवश्यक वस्तुओं की निश्चित कीमतें तय कीं, ताकि सैनिकों को कम वेतन में वस्तुएँ उपलब्ध हो सकें।
2. **प्रशासनिक निगरानी :** बाजारों में शहना-ए-मंडी नियुक्त किए गए, जो व्यापारियों की निगरानी करते, माप सही रखते और नियम तोड़ने पर कठोर दंड देते थे।

**OR / अथवा**

**रजिया सुल्तान के शासनकाल के दौरान उसके सामने आने वाली चुनौतियों की परख कीजिये।**

**उत्तर –** रजिया सुल्तान के शासनकाल में उसे तुर्क अमीरों (चहलगानी) का तीव्र विरोध, रूढ़िवादी उलेमाओं की नाराजगी, गैर-तुर्क अधिकारियों को बढ़ावा देने से असंतोष, उत्तराधिकार संघर्ष तथा प्रांतीय गवर्नरों के विद्रोह जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसने उसके शासन को अस्थिर बना दिया।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 38 - 1858 से पहले भारत में ब्रिटिश न्यायिक संगठन का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर –** 1858 से पहले ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में एक पदानुक्रमित न्यायिक व्यवस्था स्थापित की थी:

1. **अदालतों के प्रकार :** वॉरेन हेस्टिंग्स ने प्रत्येक जिले में दीवानी अदालत (नागरिक मामलों के लिए) और फौजदारी अदालत (आपराधिक मामलों के लिए) की स्थापना की।
2. **कॉर्नवालिस कोड :** लॉर्ड कॉर्नवालिस ने न्याय प्रशासन को राजस्व प्रशासन से अलग किया और कानून के शासन की नींव रखी।

**OR / अथवा**

**18वीं शताब्दी में दक्षिण भारत पर ब्रिटिश विजय के प्रमुख कारकों का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर – 18वीं शताब्दी में दक्षिण भारत में अंग्रेजों की सफलता के मुख्य कारक**

1. **भारतीय शासकों की आपसी फूट :** दक्षिण भारत की प्रमुख शक्तियाँ निजाम, मैसूर और मराठा एकजुट नहीं थीं, जिससे अंग्रेजों ने कूटनीति से उन्हें विभाजित कर अपनी सत्ता बढ़ाई।
2. **शक्तिशाली नौसेना :** अंग्रेजों के पास विश्व की सबसे शक्तिशाली नौसेना थी, जिससे उन्हें समुद्र के रास्ते रसद और सैनिक मंगाने में आसानी हुई, जबकि भारतीय शासक और फ्रांसीसी इसमें कमजोर थे।

**प्रश्न 39 - 19वीं शताब्दी में आर्थिक राष्ट्रवाद के उदय से जुड़े किन्हीं दो पहलुओं का उल्लेख कीजिये।**

**उत्तर – 19वीं शताब्दी में भारत में आर्थिक राष्ट्रवाद के उदय के दो प्रमुख पहलू**

1. **धन की निकासी का सिद्धांत :** दादाभाई नौरोजी और आर.सी. दत्त जैसे नेताओं ने उजागर किया कि कैसे अंग्रेज भारत का धन और संसाधन ब्रिटेन ले जा रहे हैं, जिससे भारत गरीब हो रहा है।
2. **स्वदेशी और घरेलू उद्योगों का समर्थन :** राष्ट्रवादियों ने ब्रिटिश निर्मित वस्तुओं के बहिष्कार और भारतीय (स्वदेशी) उद्योगों को बढ़ावा देने की वकालत की ताकि देश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके।

**प्रश्न 40 - "रूसी क्रांति ने अन्य देशों को कैसे प्रभावित किया?" विश्लेषण कीजिये। (किन्हीं दो बिन्दु )**

**उत्तर – रूसी क्रांति (1917) का विश्व पर गहरा प्रभाव पड़ा :**

1. **साम्यवाद और समाजवाद का प्रसार :** इसने दुनिया भर के मजदूरों और किसानों को अपने अधिकारों के लिए लड़ने और कम्युनिस्ट पार्टियां बनाने के लिए प्रेरित किया।
2. **उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलनों को समर्थन :** इसने एशिया और अफ्रीका के देशों (जैसे भारत) में चल रहे स्वतंत्रता संग्रामों को वैचारिक बल दिया और साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा दी।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**OR / अथवा**

**प्रथम विश्व युद्ध के मुख्य परिणामों का विश्लेषण कीजिये। (कोई दो बिन्दु)**

**उत्तर – प्रथम विश्व युद्ध (1914-1918) के दो मुख्य परिणाम :**

1. **साम्राज्यों का पतन :** इस युद्ध के अंत के साथ चार बड़े साम्राज्यों जर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी, ऑटोमन और रूस का पतन हो गया और विश्व मानचित्र पर पोलैंड एवं चेकोस्लोवाकिया जैसे नए देशों का उदय हुआ।
2. **राष्ट्र संघ की स्थापना :** भविष्य में ऐसे विनाशकारी युद्धों को रोकने और वैश्विक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन 'राष्ट्र संघ' की स्थापना की गई।

**वैकल्पिक मॉड्यूल 6 A**

**प्रश्न 41 - पालों के शासन में सरदारों की भूमिका स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर –** पाल साम्राज्य में सरदार उच्च अधिकारी और सैन्य कमांडर थे। वे क्षेत्रों का प्रशासन करते, सैनिकों का नेतृत्व करते और कर वसूलते। युद्धों में वे सेनाओं के प्रमुख थे और साम्राज्य की राजनीतिक व सैन्य स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते थे।

**वैकल्पिक मॉड्यूल 6 B**

**प्रश्न 41 - उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में पाए गए गुफा चित्रों की कोई दो विशेषताएँ स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर – उत्तर प्रदेश (जैसे मिर्ज़ापुर) और मध्य प्रदेश (जैसे भीमबेटका) के शैल चित्रों की मुख्य विशेषताएँ**

**विषय-वस्तु :** इन चित्रों में मुख्य रूप से शिकार के दृश्य, जानवरों (हाथी, गैंडा, बाइसन) और मानवीय गतिविधियों जैसे सामूहिक नृत्य को दर्शाया गया है।

**रंगों का प्रयोग :** कलाकार प्राकृतिक खनिज रंगों का उपयोग करते थे, जिनमें लाल (गेरू) और सफेद रंग प्रमुख हैं, जो हजारों वर्षों बाद भी सुरक्षित हैं।

**प्रश्न 42 - मराठा प्रशासन की मुख्य विशेषताओं की परख कीजिये। (कोई तीन)**

**उत्तर – शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित मराठा प्रशासन की तीन प्रमुख विशेषताएं -**

1. **अष्टप्रधान मंडल :** राजा की सहायता के लिए आठ मंत्रियों की परिषद बनाई गई थी, जिसमें पेशवा (प्रधानमंत्री) और अमात्य (वित्त मंत्री) सबसे महत्वपूर्ण थे।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **राजस्व प्रणाली :** राज्य की आय के लिए चौथ (उपज का 25%) और सरदेशमुखी (10% अतिरिक्त) कर वसूला जाता था।
3. **रयतवारी व्यवस्था :** किसानों से सीधे संपर्क रखा गया, बिचौलियों की शक्ति सीमित की गई, ताकि किसानों का शोषण न हो।

**प्रश्न 43 - अकबर ने राजपूत राज्यों के साथ गठबंधन क्यों चाहा ? स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर –** अकबर ने भारत में स्थायी और विशाल साम्राज्य स्थापित करने के लिए राजपूत राज्यों के साथ गठबंधन किया। उन्होंने राजपूतों को मित्र बनाकर मुगल सेना की सैन्य शक्ति बढ़ाई और विद्रोहियों, जैसे अफगानों, को हराया। वैवाहिक संबंध और राजपूत शासकों को उच्च पद (मनसब) देकर उन्हें वफादार बनाया। इससे आंतरिक विद्रोह कम हुए और साम्राज्य की स्थिरता और मजबूती बनी, जिससे अकबर का शासन सफल हुआ।

**प्रश्न 44 - 19वीं सदी के भारत के सामाजिक सुधार आंदोलन में राजा राम मोहन राय की भूमिका स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर – राजा राम मोहन राय को 'भारतीय पुनर्जागरण का जनक' माना जाता है।**

1. **सती प्रथा का अंत :** उनका सबसे बड़ा योगदान सती प्रथा के खिलाफ अभियान था। उनके प्रयासों से ही 1829 में लॉर्ड विलियम बेंटिक ने सती प्रथा को अवैध घोषित कर दिया।
2. **ब्रह्म समाज की स्थापना :** उन्होंने मूर्ति पूजा, जाति प्रथा और अंधविश्वासों के विरोध में 1828 में 'ब्रह्म समाज' की स्थापना की, जिसने एकेश्वरवाद का प्रचार किया।
3. **आधुनिक शिक्षा :** उन्होंने भारतीयों के लिए पश्चिमी विज्ञान और अंग्रेजी शिक्षा का समर्थन किया ताकि समाज आधुनिक बन सके।

**OR / अथवा**

**ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने 19वीं सदी के भारत में महिला शिक्षा में कैसे योगदान दिया ? स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर – ईश्वर चंद्र विद्यासागर महिला शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उनका योगदान अभूतपूर्व था :**

1. **बेथून स्कूल :** उन्होंने 1849 में जे.ई.डी. बेथून के साथ मिलकर कलकत्ता में पहले हिंदू बालिका विद्यालय की स्थापना में मदद की और इसके सचिव के रूप में कार्य किया।
2. **विद्यालयों की स्थापना :** सरकारी स्कूल निरीक्षक के रूप में, उन्होंने बंगाल के विभिन्न जिलों (जैसे हुगली, बर्धमान) में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से 35 से अधिक बालिका विद्यालय खोले।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. **जागरूकता :** उन्होंने रूढ़िवादी विरोध का सामना करते हुए समाज को समझाया कि महिलाओं की प्रगति के लिए शिक्षा अनिवार्य है।

**प्रश्न 45 - अहमदाबाद मिल हड़ताल को गांधीजी ने कैसे हल किया? स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर – 1918 की अहमदाबाद मिल हड़ताल में गांधीजी ने पहली बार औद्योगिक विवाद सुलझाने के लिए 'आमरण अनशन' का प्रयोग किया।**

**विवाद :** मिल मालिक 'प्लेग बोनस' समाप्त करना चाहते थे, जबकि महँगाई के कारण मजदूर 50% वेतन वृद्धि की मांग कर रहे थे।

**समझौता और जीत :** गांधीजी ने अध्ययन के बाद 35% की मांग को उचित बताया। उनके अनशन के नैतिक दबाव में मिल मालिक झुक गए और मामला ट्रिब्यूनल (मध्यस्थता) को सौंपा गया, जिसने अंततः मजदूरों को 35% बोनस देने का फैसला सुनाया।

**OR / अथवा**

**गांधीजी के 'असहयोग आंदोलन' के मुख्य सिद्धांतों की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर – 1920 में शुरू हुए असहयोग आंदोलन का मूल सिद्धांत था :**

1. **बहिष्कार :** भारतीयों ने सरकारी उपाधियों, स्कूलों, अदालतों, और विदेशी कपड़ों का त्याग किया।
2. **स्वदेशी और रचनात्मक कार्य :** विदेशी वस्तुओं की जगह 'खादी' और चरखे को अपनाया गया। हिंदू-मुस्लिम एकता और छुआछूत मिटाने पर जोर दिया गया।
3. **अहिंसा :** यह आंदोलन पूरी तरह से सत्य और अहिंसा पर आधारित था; इसमें हिंसा का कोई स्थान नहीं था।

**प्रश्न 46 - वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य पर प्रथम विश्व युद्ध के प्रभाव का विश्लेषण कीजिये।**

**उत्तर – प्रथम विश्व युद्ध (1914-1918) ने वैश्विक राजनीति को पूरी तरह बदल दिया :**

1. **साम्राज्यों का पतन :** चार विशाल साम्राज्योंजर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी, ऑटोमन और रूसका अंत हो गया।
2. **नए राष्ट्रों का उदय :** यूरोप का मानचित्र बदल गया और पोलैंड, चेकोस्लोवाकिया, यूगोस्लाविया जैसे कई नए स्वतंत्र देश अस्तित्व में आए।
3. **शक्ति का स्थानांतरण :** यूरोप का वैश्विक प्रभुत्व कमजोर पड़ गया और संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) एक नई महाशक्ति के रूप में उभरा।
4. **अंतर्राष्ट्रीय संस्था :** भविष्य में युद्ध रोकने के लिए 'राष्ट्र संघ' की स्थापना हुई।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**OR / अथवा**

**अंतरयुद्ध काल में विश्व शांति बनाए रखने में राष्ट्र संघ की भूमिका का विश्लेषण कीजिये।**

**उत्तर –** प्रथम विश्व युद्ध के बाद स्थापित राष्ट्र संघ की भूमिका मिश्रित रही। यह कुछ छोटे विवादों, जैसे स्वीडन-फिनलैंड और ग्रीस-बुल्गारिया सीमा विवाद को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में सफल रहा। लेकिन बड़ी शक्तियों की आक्रामकता रोकने में विफल रहा, जैसे जापान का मंचूरिया पर हमला (1931) और इटली का अबीसीनिया पर आक्रमण (1935)। अमेरिका का सदस्य न होना इसकी कमजोरी बढ़ाता था।

**प्रश्न 47 - गुरु नानक की मुख्य शिक्षाएँ क्या हैं? स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर – गुरु नानक देव जी ने निर्गुण भक्ति और 'एक ओंकार' (ईश्वर एक है) का संदेश दिया। उनकी मुख्य शिक्षाएँ तीन स्तंभों पर आधारित थीं :**

1. **नाम जपना :** सदैव ईश्वर के नाम का स्मरण करना।
2. **कीरत करना :** ईमानदारी और मेहनत से आजीविका कमाना।
3. **वंड छकना :** अपनी कमाई को जरूरतमंदों के साथ मिल-बांटकर खाना।

**प्रश्न 48 - हड़प्पा शहरी योजना और वास्तुकला की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर – हड़प्पा सभ्यता अपनी आधुनिक और व्यवस्थित नगर योजना के लिए विश्व प्रसिद्ध है। इसकी प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं :**

1. **ग्रिड प्रणाली :** हड़प्पा के नगर एक जाल की तरह बसे थे। सड़कें एक-दूसरे को समकोण (90 डिग्री) पर काटती थीं, जिससे शहर कई आयताकार खंडों में विभाजित हो जाता था।
2. **जल निकासी प्रणाली :** यह इस सभ्यता की सबसे अनूठी विशेषता थी। हर घर की छोटी नालियाँ गली की बड़ी ढकी हुई नालियों से मिलती थीं। सफाई के लिए जगह-जगह 'मैनहोल' बने होते थे।
3. **नगर विभाजन :** शहर प्रायः दो भागों में बंटा होता था पश्चिमी भाग ऊँचाई पर होता था जिसे 'दुर्ग' कहा जाता था (जहाँ संभवतः शासक वर्ग रहता था), और पूर्वी भाग 'निचला शहर' होता था जहाँ सामान्य नागरिक रहते थे।
4. **पक्की ईंटें :** भवनों के निर्माण में पकी हुई ईंटों का उपयोग किया जाता था, जिनका एक निश्चित अनुपात (4:2:1) होता था। विशाल स्नानागार और अन्नागार वास्तुकला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

**OR / अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**हड़प्पा सभ्यता में व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को साक्ष्यों के आधार पर कैसे समझा जा सकता है ? वर्णन कीजिये।**

**उत्तर – हड़प्पा सभ्यता की अर्थव्यवस्था अत्यंत विकसित थी, जिसकी पुष्टि निम्नलिखित पुरातात्विक साक्ष्यों से होती है :**

1. **विदेशी व्यापार के साक्ष्य :** मेसोपोटामिया के लेखों में हड़प्पा क्षेत्र के लिए 'मेलुहा' शब्द का प्रयोग और वहां हड़प्पा की मुहरों का मिलना सुदूर व्यापार का प्रमाण है। लोथल में मिला गोदीबाड़ा समुद्री व्यापार की पुष्टि करता है।
2. **मानकीकृत तौल और माप :** विभिन्न स्थलों पर एक समान वजन के बाट मिले हैं, जो संगठित वाणिज्यिक गतिविधियों को दर्शाते हैं।
3. **मुहरें और मुद्रांकन :** हजारों की संख्या में मिली मुहरों का उपयोग संभवतः व्यापारिक सामान की सुरक्षा और पहचान के लिए किया जाता था।
4. **शिल्प उत्पादन और कच्चा माल :** चन्हूदड़ो और लोथल में मनके बनाने के कारखाने मिले हैं। तांबा राजस्थान (खेतड़ी) से और सोना दक्षिण भारत से मंगाया जाता था, जो आंतरिक व्यापार का सबूत है।
5. **विशाल अन्नागार:** हड़प्पा और मोहनजोदड़ो में मिले विशाल अन्नागार अधिशेष कृषि उत्पादन और कर संग्रहण की ओर इशारा करते हैं।

**प्रश्न 49 - 1857 के विद्रोह के किन्हीं पाँच मुख्य कारणों की परख कीजिये।**

**उत्तर – 1857 के विद्रोह के किन्हीं पाँच मुख्य कारण :**

1. **राजनीतिक कारण :** लॉर्ड डलहौजी की 'व्यपगत का सिद्धांत' के तहत झाँसी, सतारा और नागपुर जैसे राज्यों को ब्रिटिश साम्राज्य में मिला लिया गया, जिससे शासकों में रोष था। अवध का विलय भी कुशासन के आरोप में किया गया।
2. **आर्थिक शोषण :** अंग्रेजों की भू-राजस्व नीतियों ने किसानों को भारी करों के बोझ तले दबा दिया। साथ ही, भेदभावपूर्ण व्यापार नीतियों ने भारतीय हस्तशिल्प और उद्योगों को नष्ट कर दिया।
3. **सामाजिक और धार्मिक हस्तक्षेप :** सती प्रथा का अंत, विधवा विवाह कानून और ईसाई मिशनरियों की गतिविधियों को भारतीयों ने अपने धर्म और परंपराओं पर हमला माना।
4. **सैनिक असंतोष : भारतीय** सिपाहियों को ब्रिटिश सैनिकों की तुलना में कम वेतन मिलता था और उन्हें सूबेदार से ऊपर पदोन्नति नहीं दी जाती थी। 'सामान्य सेवा भर्ती अधिनियम' ने भी उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाई।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

5. **तात्कालिक कारण :** 'एनफील्ड राइफल' गाय और सुअर की चर्बी वाले कारतूसों के प्रयोग की अफवाह ने हिंदू और मुस्लिम दोनों सैनिकों की धार्मिक भावनाओं को भड़का दिया, जो विद्रोह का चिंगारी बनी।

**OR / अथवा**

**1857 के विद्रोह के किन्हीं पाँच प्रमुख नेताओं की भूमिका की परख कीजिये।**

**उत्तर – 1857 के विद्रोह में स्थानीय नेताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।**

1. **बहादुर शाह जफर :** विद्रोहियों ने अंतिम मुगल बादशाह को 'भारत का सम्राट' घोषित किया। वे विद्रोह का केंद्रीय चेहरा और एकता का प्रतीक बने।
2. **रानी लक्ष्मीबाई :** उन्होंने 'व्यपगत के सिद्धांत' का विरोध किया और झाँसी को बचाने के लिए अंग्रेजों से वीरतापूर्वक लड़ते हुए वीरगति प्राप्त की।
3. **नाना साहेब:** पेशवा बाजीराव द्वितीय के दत्तक पुत्र नाना साहेब ने कानपुर में विद्रोह का नेतृत्व किया और वहां से ब्रिटिश गैरीसन को खदेड़ दिया।
4. **बेगम हजरत महल :** अवध में नवाब वाजिद अली शाह की पत्नी बेगम हजरत महल ने अपने नाबालिग पुत्र को नवाब घोषित कर अंग्रेजों के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया।
5. **कुंवर सिंह :** जगदीशपुर (आरा) के 80 वर्षीय जमींदार कुंवर सिंह ने अपनी वृद्धावस्था के बावजूद बिहार में ब्रिटिश सेना को कई बार हराया और अपनी रणनीतिक कुशलता का परिचय दिया।

**वैकल्पिक मॉड्यूल 6 A**

**प्रश्न 50 - भारत में ब्रिटिश द्वारा विकसित औपनिवेशिक तंत्र की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – भारत पर अपना नियंत्रण बनाए रखने और औपनिवेशिक हितों को पूरा करने के लिए अंग्रेजों ने एक मजबूत प्रशासनिक तंत्र विकसित किया, जिसके चार मुख्य स्तंभ थे :**

**नागरिक सेवाएँ :** इसे 'इस्पात का ढांचा' कहा जाता था। लॉर्ड कॉर्नवालिस ने इसे व्यवस्थित किया। इसका कार्य प्रशासन चलाना और राजस्व वसूलना था।

**सेना :** यह ब्रिटिश साम्राज्य की ताकत थी। इसका उपयोग भारतीय शक्तियों को हराने, आंतरिक विद्रोहों को दबाने और ब्रिटिश साम्राज्य की रक्षा के लिए किया गया।

**पुलिस :** लॉर्ड कॉर्नवालिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित पुलिस बल की स्थापना की। इसका मुख्य कार्य अपराध रोकना और ब्रिटिश विरोधी गतिविधियों पर नजर रखना था।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**न्यायपालिका :** अंग्रेजों ने कानून के शासन की अवधारणा पेश की। उन्होंने लिखित कानून (जैसे IPC) बनाए और अदालतों की एक पदानुक्रमित श्रृंखला स्थापित की।

**वैकल्पिक मॉड्यूल 6 B**

**शास्त्रीय संस्कृति किस प्रकार संरक्षित रहती है और पीढ़ियों तक चलती रहती है? स्पष्ट करिये।**

**उत्तर –** शास्त्रीय संस्कृति को बचाना और अगली पीढ़ी तक पहुँचाना हमेशा चलता रहता है और यह मुख्य रूप से कुछ खास माध्यमों से होता है।

1. **गुरु-शिष्य परंपरा :** यह भारतीय शास्त्रीय संस्कृति की रीढ़ है। संगीत, नृत्य और अन्य कलाएँ गुरु द्वारा शिष्य को प्रत्यक्ष प्रशिक्षण के माध्यम से सिखाई जाती हैं, जिससे ज्ञान की शुद्धता बनी रहती है।
2. **ग्रंथ और साहित्य :** वेदों, उपनिषदों, रामायण, महाभारत और नाट्यशास्त्र जैसे लिखित ग्रंथों ने सांस्कृतिक मूल्यों और नियमों को संहिताबद्ध कर सुरक्षित रखा है।
3. **पारिवारिक समाजीकरण :** संस्कार, त्योहार और रीति-रिवाज परिवार के भीतर एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को सौंपे जाते हैं। बचपन से ही बच्चों को सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाती है।
4. **संस्थागत संरक्षण :** प्राचीन काल में मंदिरों और राजाओं के दरबारों ने कला को संरक्षण दिया। आज यह कार्य अकादमियों, संग्रहालयों और सांस्कृतिक उत्सवों द्वारा किया जा रहा है।

**प्रश्न 50 - मानचित्र पर हड़प्पा सभ्यता स्थल को चिह्नित करिये।**


**(A) कालीबंगन** **(B) नागेश्वर**

**(C) बनावली** **(D) धोलावीरा**

**(E) लोथल**

**उत्तर –**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/




All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence - Your Path to Success